हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 28 दिसंबर 2025



तापमान

अधिकतम .24 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

4 5 मेधावी छात्राओं को मिला नोटपैड, पढ़ाई में होगी सुविधा




## खबर संक्षेप



### वित्त मंत्री ने अघोर गुरुपीठ का लिया आशीर्वाद

**रायगढ़।** प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी शनिवार को रायगढ़ प्रवास के दौरान सुबह की पहली किरण के साथ बनोरा आश्रम पहुंचे। उन्होंने आश्रम में पहुंचकर सबसे पहले अघोरेश्वर बाबा राम जी की प्रतिमा के दर्शन करने के बाद आश्रम में बाबा प्रियदर्शी राम जी से आशीर्वाद लेकर प्रदेशवासियों की सुखए समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साधु संतों का आशीर्वाद होना मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और सामाजिक सौहार्द हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। इन्हीं मूल्यों के आधार पर राज्य सरकार जनकल्याण, विकास और सुशासन के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ा रही है।

### महापल्ली एवं गोपालपुर में महतारी सदन का लोकार्पण

**रायगढ़।** प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी रायगढ़ विकासखण्ड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम महापल्ली एवं गोपालपुर में 49 लाख 40 हजार रुपये की लागत से तैयार 2 महतारी सदन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए सतत कार्य कर रही है। महतारी सदन न केवल महिलाओं के लिए सामूहिक गतिविधियों और सामाजिक कार्यक्रमों का केंद्र होगाए बल्कि यह महिला सशक्तिकरण की नई पहचान बनेगा। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से महतारी सदन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है।

### यूपीएससी की फ्री कोचिंग के लिए परीक्षा आज

**सारंगढ़।** आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के योजना अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की नई दिल्ली में तैयारी हेतु फ्री कोचिंग सुविधा के लिए प्राक्चयन परीक्षा का रायपुर में आयोजन 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 02 तक किया जाएगा। रोल नंबर 20250001 से 20250386 तक केवल बालिका अभ्यर्थी हेतु प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय तिलक नगर गुढ़यारी रायपुर में तथा रोल नंबर 30250001 से 30250701 तक केवल बालक अभ्यर्थी हेतु प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू रायपुर में निर्धारित की गई है। इसके साथ ही इस प्राक्चयन परीक्षा हेतु जिन अभ्यर्थियों को अभिलेखों के अभाव से परीक्षा में बैठने हेतु अपात्र किया गया हैए उन्हें प्राविधिक रूप से प्राक्चयन परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई है। इसके साथ ही परीक्षा के उपरांत पुनः अभिलेख अपूर्ण पाए जाने पर अभ्यर्थिता निरस्त की दी जाएगी। अभ्यर्थी वेबसाईट ट्राइबल डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन और एचएमएस ट्राइबल डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन से परीक्षा केन्द्र रोल नंबर की जानकारी के साथ प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

### विभिन्न वार्डों में 1 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास

# नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकताः ओपी






शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते वित्त मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में राज्य सरकार आमजन के जीवन में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाने के लिए निरंतर एवं प्रतिबद्ध प्रयास कर रही है। उक्त बातें आज प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने रायगढ़ शहर के विभिन्न वार्डों में आयोजित विकास कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कही।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ के नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए वे पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शहर के समग्र और संतुलित विकास के उद्देश्य से अधोसंरचना सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने वार्ड क्रमांक 18 में पालू पटेल के घर से अजय शर्मा के घर तक सीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण, नामदेव के घर से अजय शर्मा के घर तथा गिरधारी मेहता के घर के समीप पेवर ब्लॉक निर्माण एवं गार्डन सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इन कार्यों पर लगभग 12 लाख रुपये की लागत आएगी। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 32 में नासिर के घर से विध्यान महराज के घर तक तथा सुनील के घर के पास आरसीसी नाली निर्माण कार्य, जिसकी लागत 12 लाख रुपये है, तथा सोनूमुड़ा बस्ती से ट्रांसपोर्ट नगर मुख्य मार्ग तक 1 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत से बीटी सड़क निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि रायगढ़ की जनता ने उन्हें जो अपार विश्वास और आशीर्वाद दिया है उसे विकास कार्यों के माध्यम से लौटाना उनका नैतिक दायित्व है। उन्होंने अपने संघर्षपूर्ण जीवन को स्मरण करते हुए बताया कि यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के दौरान उन्होंने अनेक कठिनाइयों का सामना किया।

आज के युवाओं को वैसी परेशानियों से न गुजरना पड़ेए इसी उद्देश्य से प्रदेश के 22 स्थानों पर नालंदा परिसर स्थापित किए जा रहे हैंए जिनमें रायगढ़ का नालंदा परिसर लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रहा है। बेटियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए नव गुरुकुल संचालित किया जा रहा है।

### ट्रक हाइवा की टक्कर से लगी आग, दो की मौत

**राउरकेला।** बलांग थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुनाघाटी में एक बार फिर भीषण सड़क दुर्घटना ने दो परिवारों को उजाड़ दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग 520 के डेथ जोन के रूप में चिन्हित इस इलाके में देर रात कुंदुरुपानी चौक के पास लोहे पत्थर से लदी एक हाइवा और कोयला लदे ट्रक के बीच आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक में आग लग गई और दोनों वाहनों के चालक उसकी चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही केण बलांग पुलिस ने तत्काल कोइड़ा अग्निशमन विभाग को मौके पर बुलाया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद कटर की मदद से दोनों चालकों के शवों को वाहनों से बाहर निकाला गया। हादसे के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

## धरमजयगढ़-घरघोड़ा अंचल को मिली बड़ी सौगात

**घरघोड़ा।** ग्रामीण अंचलों के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए धरमजयगढ़ एवं घरघोड़ा ब्लॉक की कई जर्जर और वर्षों से उपेक्षित सड़कों के निर्माण को स्वीकृति मिली है।

यह सौगात न केवल आवागमन को आसान बनाएगी, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों को भी नई रफ्तार देगी। ग्रामीण सड़कों के इस बड़े विकास कार्य से आमजन में उत्साह का माहौल है। इन महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण के लिए भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार का क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया गया है। वर्षों से सड़क सुविधा की मांग कर रहे ग्रामीणों के लिए यह निर्णय किसी वरदान से कम नहीं है। धरमजयगढ़ ब्लॉक में पखनाकोट से ठाकुरनगर जोबी, सोहनपुर से सजवारी, घोघल से बकालो, पंडरापाठ से सकलो, धरमजयग-रायगढ़ रोड से मेढरमार, काफरमार से भुंडीबहरी, सलका से डाहीडांड, दुर्गापुर बोरो से सलिहारी जैसी महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। वहीं घरघोड़ा ब्लॉक में फगुरम से लामडांड सड़क को भी स्वीकृति मिली है। इन सड़कों के बनने से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा संस्थानों, कृषि मंडियों और रोजगार के अवसरों तक पहुंच आसान होगी। खासकर बरसात के मौसम में जो गांव मुख्य मार्गों से कट जाते थेए उन्हें अब राहत मिलेगी। किसान अपनी उपज समय पर बाजार तक पहुंचा सकेंगेए वहीं विद्यार्थियों और मरीजों को आवागमन में हो रही कठिनाइयों से निजात मिलेगी। क्षेत्र की जनता ने सांसद राधेश्याम राठिया का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय आने वाले वर्षों मंत क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल देगा।

### ठंड से बचने वृद्ध ने लिया अलाव का सहारा, चिंगारी से जलकर हुई मौत



**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में एक बड़ी घटना घटित हुई। जहाँ कड़ाके की ठंड से बचने की कोशिश एक वृद्धा के लिए जानलेवा साबित हो गई।पूरी घटना ग्राम सामारूमा की है, जहां गांव में रहने वाली 84 वर्षीय गुरूबारी बाई शनिवार को अपने घर में ठंड से राहत पाने के लिए अलाव ताप रही थीं। इसी दौरान अलाव की चिंगारी ने उनके कपड़ों को अपनी चपेट में ले लिया। उम्र के इस पड़ाव पर वह जब तक कुछ समझ पातीं या मदद के लिए पुकारतीं, आग की लपटें उनके पूरे शरीर में फैल चुकी थीं।परिजनों को जैसे ही घटना की आहट हुई, उन्होंने आनन-फानन में मौके पर पहुँचकर भारी मशक्कत के बाद आग बुझाई। हालांकि, तब तक गुरूबारी बाई काफी गंभीर रूप से झुलस चुकी थीं। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उन्होंने कई घंटों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष किया। चिकित्सकों के तमाम प्रयासों के बावजूद, वृध्द की मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है और पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। यह घटना हमें इस बात के लिए सचेत करती है कि बुजुर्गों के मामले में छोटी सी लापरवाही भी कितनी बड़ी त्रासदी का रूप ले सकती है।

## युवक के सुसाइड केस पर परिजनों ने गर्लफ्रेंड और उसके प्रेमी पर लगाया प्रताड़ना का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के नयागंज कोस्टापारा निवासी 30 वर्षीय अभिषेक देवांगन की आत्महत्या का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है।मृतक के परिजनों ने युवती के साथ-साथ उसके एक अन्य प्रेमी पर अभिषेक को प्रताड़ित करने का संगीन आरोप लगाया है। ज्ञात है कि गुरुवार की रात को नयागंज निवासी अभिषेक के द्वारा फांसी लगाते हुए सुसाइड कर की गई थी पुलिस के द्वारा शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया गया। इसके बाद आक्रोशित परिजन और जान.पहचान वाले भारी संख्या में कोतवाली थाना पहुंचे।परिजनों का आरोप है कि जिस युवती से अभिषेक ढाई साल से प्रेम करता थाए उसका संबंध एक अन्य युवक के साथ भी था। आरोप के मुताबिक युवती और उसका दूसरा प्रेमी मिलकर अभिषेक को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थ, जिससे तंग आकर उसने आत्मघाती कदम उठाया। परिजनों ने दोनों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मृतक युवक के परिजनों ने बताया कि अभिषेक ने पिछले तीन दिनों से खाना नहीं खा पाया था और मानसिक रूप से पूरी तरह टूट चुका था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल ने बताया कि परिजनों की शिकायत और अभिषेक द्वारा छोड़े गए वीडियो को जांच के दायरे में लिया गया है। पुलिस अब युवती और उस दूसरे युवक की भूमिका की जांच कर रही है जिसका जिक्र परिजनों ने किया है। पुलिस का कहना है कि कॉल रिकॉर्ड्स और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### धान खरीदी को लेकर विवाद किसानों ने जाम किया एनएच

**बोनाई।** खरीफ धान की खरीद को लेकर कई मंडियों में विवाद जारी है। बीते दिन स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि किसानों ने चांदीपोष में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 143 को जाम कर दिया। सुंदरगढ़ जिले के गुरुंडिया ब्लॉक अंतर्गत चांदीपोष मंडी में प्रति क्विंटल 4 किलो धान की कटनी को लेकर किसानों और मिलरों के बीच तीखी बहस हो गई। इसके बाद किसानों ने मिलरों के वाहनों को रोक दिया। कटनी को लेकर मिलरों के अड़े रहने के कारण किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। बाद में बैंकी के एमडी तथा अन्य अधिकारियों द्वारा किसानों को समझाने बुझाने के बाद सड़क जाम हटाया गया। हालांकि राज्य सरकार द्वारा कटनीदृछटनी बंद करने के सख्त निर्देश दिए जाने के बावजूद, मंडियां खुलते ही अव्यवस्था सामने आने लगी है। कहीं कटनी छटनी का विवाद सुलझ नहीं पाया है तो कहीं टोकन व्यवस्था समस्या का कारण बन रही है।

## हितग्राहियों ने नहीं कराया केवाईसी अब हो गया राशन बंद, लगा रहे दौड़

**एप का सर्वर धीमा दुकानदार हो रहे परेशान हितग्राही भी दिक्कत में**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में वन नेशन वन राशन कार्ड योजना लागू होने के बाद ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। जिले में जिन लोगों ने अब तक ई-केवाईसी नहीं कराई है, उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विदित है कि शासन के द्वारा पिछले एक साल से राशनकार्डधारियों से ईकेवाईसी करानें को कहा जा रहा था,इसके बाद भी कई लोगों ने केवाईसी नहीं कराई ऐसे में अब शासन के द्वारा जिनकी केवाईसी नहीं हुई है,ऐसे लोगों का राशन इस माह से बंद कर दिया गया है।इसी कड़ी में 80 हजार से अधिक हितग्राहियों का राशन रोक दिया गया है, वहीं 3 हजार राशन कार्ड निरस्त कर दिए गए हैं। वर्तमान में जिले में कुल 3.37 लाख राशन कार्ड प्रचलन में हैं, जिनमें 10 लाख 60 हजार सदस्य पंजीकृत हैं। इनमें से लगभग 12 प्रतिशत लोगों ने ई-केवाईसी नहीं कराई, जिसके चलते उनके राशन कार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं। इसके साथ ही,लंबे समय से जो लोग राशन नहीं ले रहे थे ऐसे कार्डधारकों पर भी कार्रवाई की जा रही है।



### बच्चों का आधार अपडेट नहीं, इसलिए परेशानी

राशनकार्ड केवाईसी में बच्चों की केवाईसी नहीं होने की वजह से परिजनों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिले में 30 हजार कार्डधारकों के बच्चों की आधारकार्ड अब तक अपडेट नहीं कराई है। इस परेशानी को देखते हुए अब विभाग के द्वारा 5 साल से कम उम्र के बच्चों तक को केवाईसी करानें में छूट दी गई है।

### सर्वर बन रही सबसे बड़ी बाधा

ईकेवाईसी करानें में सबसे बड़ी समस्या सर्वर की धीमी गति है। खाद्य विभाग के द्वारा राशन दुकान संचालकों को ई केवाईसी करनें के लिए जो ऐप्प दिया गया है, उसमें केवाईसी अपडेट नहीं हो पा रही है, खासकर बुजुर्गों को इसका सामना करना पड़ रहा है, बुजुर्गों की उंगली केवाईसी में ले नहीं रही है, ऐसे में दुकान संचालकों के द्वारा उनका फोटो ऐप्प में डाला जा रहा है, लेकिन ऐप्प में फोटो को भी नहीं ले रहा है।

### 5 हजार से अधिक राशन कार्ड कटेंगे

खाद्य विभाग की जांच में यह भी सामने आया है कि 6 लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले जिले में लगभग 5 हजार कार्डधारक पाए गए हैं, जिनकी जांच जारी है। प्राथमिकता राशन कार्ड के लिए 5 एकड़ से अधिक भूमि होना अपात्रता की श्रेणी में आता है। ऐसे कई मामलों में कार्ड निरस्तीकरण की प्रक्रिया चल रही है।

ईकेवाईसी नहीं करानें वालों को राशन इस माह नहीं मिलेगा, जिन लोगों की ई-केवाईसी अभी तक नहीं हुई है, वे जल्द से जल्द अपनी नजदीकी उचित मूल्य दुकान में जाकर ई-केवाईसी कराएं, ताकि उनका राशन बंद न हो। एप को लेकर भी शासन स्तर पर शिकायत दर्ज कराई गई है, खामियों को दूर करनें का प्रयास किया जा रहा है।

**चितरंजन सिंह,** खाद्य अधिकारी

## नए साल में जिले के पुलिस रहेगी मुस्तैद, हुल्लड़बाजी करने वाले जाएंगे जेल

**रायगढ़।** नववर्ष के आगमन को लेकर जहां आम जनमानस में उत्साह का माहौल हैए वहीं रायगढ़ पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक.चौबंद करते हुए कड़े निर्देश जारी किए हैं।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जश्न के नाम पर कानून हाथ में लेने वालों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन बेहद सख्त रुख अपनाएगा। पुलिस का मानना है कि आपकी खुशियां तभी सुरक्षित हैं जब आप नियमों का सम्मान करते हैं, इसीलिए श्आपकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी के संकल्प के साथ पूरे जिले में विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार सार्वजनिक सड़कों, चौराहों या भीड़भाड़ वाले इलाकों में केक काटकर हुल्लड़बाजी करने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

### स्टंट करने वाले सीधे नपेंगे

इसके साथ ही युवाओं में बढ़ते स्टंट के क्रेज को देखते हुए चेतावनी दी गई है कि कार की छत पर चढ़कर करतब दिखाना या सड़क पर खतरनाक तरीके से वाहन चलाना जेल की हवा खिला सकता है। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए बाइक पर ट्रिपल राइडिंग और रैश ड्राइविंग करने वालों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखी जाएगी और उनके खिलाफ तत्काल चालानी कार्रवाई की जाएगी। ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने बिना अनुमति डीजे बजाने या देर रात तक तेज आवाज में संगीत चलाने को प्रतिबंधित किया है। विशेष रूप से शराब पीकर वाहन चलाने वालों ड्रिंक एंड ड्राइव और

### तीन दिनों तक दफ्तरों में पसरा रहेगा सन्नाटा, मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे कर्मचारी

# कल से सरकारी दफ्तरों में लटक जाएंगे ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोमवार से आमजनों को सरकारी कार्यालयों से जुड़े काम के लिए नए साल तक इंतजार करना पड़ेगा। कल से जिलेभर के अधिकारी-कर्मचारी काम विभिन्न मांगों को लेकर कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे। इसके चलते सरकारी दफ्तरों में ताले लटके रहेंगे और आम जनता के काम प्रभावित होंगे। याने कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहेगा। छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर जिलेभर के शासकीय कर्मचारी एवं अधिकारी 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय काम बंद-कलम बंद हड़ताल का ऐलान किया गया है। ऐसे में अब सरकारी



कामकाज की शुरुआत सीधे नए साल 2026 में ही हो सकेगी। जिला कर्मचारी फेडरेशन का कहना है कि यह हड़ताल शासन की उदासीनता के विरोध में की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा लंबे समय से अधिकारी-कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा, जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। इस आंदोलन में राज्यभर के लगभग पांच लाख अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं।

### आपातकालीन सेवाएं रहेंगी चालू

हड़ताल के दौरान केवल आपातकालीन सेवाओं को इससे अलग रखा गया है। स्वास्थ्य सेवाएं, डॉक्टर, सफाई व्यवस्था, अग्निशमन सहित अन्य आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से जारी रहेंगी। हालांकि, सामान्य प्रशासनिक कार्य पूरी तरह ठप रहेंगे।वहीं फेडरेशन के पदाधिकारी लगातार जिलों का दौरा कर अधिकारी-कर्मचारियों से संपर्क कर रहे हैं और आंदोलन को सफल बनाने की अपील कर रहे हैं। तीन दिन तक चलने वाली इस हड़ताल के दौरान धरना-प्रदर्शन भी किए जाएंगे।

### फेडरेशन की प्रमुख मांगें

केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता,डीए एरियर का जीपीएफ खाते में समायोजन,चार स्तरीय समयमान वेतनमान,विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगति दूर करना,प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना,पंचायत सचिवों का शासकीयकरण,सहायक शिक्षक, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों सहित अन्य कर्मचारियों की वेतन समस्याओं का निराकरण,अनुदानित शिक्षण संस्थाओं में वेतन पुनरीक्षण,कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करना,अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिन करना,दैनिक, अनियमित व संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण,सभी विभागों में सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करना, फेडरेशन से जुड़े लोगों का स्पष्ट रूप से कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## पड़ रही कड़ाके की ठंड,10.3 डिग्री तक पहुंचा तापमान

**रायगढ़।** पिछले कुछ दिनों जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है जिसकी वजह से आमजनों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।पिछले कुछ दिनो से मौसम का यही हाल बना हुआ है। इस बार ग्रामीण क्षेत्रों में भी काफी घना कोहरा देखने को मिला। साथ ही शहर में रात के समय हल्का कोहरा छाया रहा। तब आसमान पर बादल थे, लेकिन बुधवार से मौसम साफ हो चुका है और तेज धूप निकली। शीतलहर की वजह से दिन भी में ठंड का असर कम नहीं हो सका है। तेज धूप के बाद भी लोग दोपहर के समय हल्के गरम कपड़े और धरमजयगढ़, कापू जैसे जंगल वाले क्षेत्रों में ठंड से बचाव के लिए लोग



दिन में भी अलाव का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग के रिकार्ड के अनुसार शनिवार के बाद रविवार को न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। इससे तापमान 9 डिग्री सेल्सियस होने के बाद ठंड का असर और बढ़ सकता है। दिसबंर माह के शुरू होने के बाद से तेज ठंड से लोग बेहाल हैं और इससे बचाव के कई उपाय कर रहे हैं।


Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in
ORA
MAKERS
Own your real asset.
Artist's Impression
2026 DESERVES
A BETTER PLACE TO LIVE.
Representational Image
Bilaspur's Most Awaited Premium Township of DEVELOPED PLOTS and
2, 3, 4 & 5 BHK ROYAL BUNGALOWS
Work Begins at Full Pace — The Vision is Now Becoming Reality.
Actual Photo
New Town
2, 3, 4 & 5 BHK BUNGALOWS
MUNGELI ROAD
Grand Entrance Gate - A majestic welcome every day
Modern Garden Spaces - Thoughtfully planned for leisure
Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
Fully Equipped Gymnasium - Stay fit and active
Lavish Swimming Pool with Kids' Pool - Fun for all ages
Indoor & Outdoor Games - Recreation at your doorstep
Yoga, Meditation & Jogging Spaces - Wellness made easy
98931 13444/ 98931 28333
New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden,
4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर, राजनीतिक दल ने किया ईवीएम का निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे, डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू, कांग्रेस से राधेलाल जायसवाल, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी पार्टी से विकास टंडन आदि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने सारंगढ़ के कृषि उपज मंडी प्रांगण स्थित निर्वाचन वेयरहाउस में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी ईवीएम के रखरखाव, भवन में बारिश के दौरान कोई सीपेज, सीसीटीवी कैमरा आदि का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना, लिपिक अविनाश सिदार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### साहिबजादों के बलिदान को किया गया नमन

**रायगढ़।** धर्म एवं संस्कृति की रक्षा हेतु अपने सर्वोच्च बलिदान देने वाले गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की शहादत को नमन करते हुए आज जिला रायगढ़ में वीर बाल दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम वातावरण में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में बाल देखरेख संस्थानों में आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 से प्रतिवर्ष 26 दिसम्बर को पूरे देश में वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो ने कहा कि वाहे गुरु जी की खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के उद्घोष के साथ वीर साहिबजादों और दशम पिता गुरु गोबिंद सिंह का स्मरण करते हुए मन शोक और गर्व दोनों से भर जाता है। जिन बालकों ने जीवन को पूरी तरह देखा भी नहीं था, उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए, लेकिन कभी अपने सिद्धांतों से विचलित नहीं हुए। उनका बलिदान आज भी समाज को सत्य, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

### आंतरिक शिकायत समिति गठन करना जरुरी

**रायगढ़।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीडन निवारण प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन के संबंध में तथा महिलाओं के सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए जिला प्रशासन सजग है। ऐसे सभी विभाग, संगठन, उपक्रम, प्रतिष्ठान, उद्यम, संस्थान, कार्यालय,शाखा अथवा इकाई जो प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सरकार, स्थानीय प्राधिकरण, सरकारी कम्पनी, निगम, सहकारी सोसाइटी द्वारा प्रदत्त निधियों द्वारा स्थापित, स्वामित्वाधीन, नियंत्रणाधीन अथवा वित्त पोषित हो। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि निजी क्षेत्र का संगठन, उपक्रम, उद्यम संस्थान, प्रतिष्ठान, सोसाईटी, न्यास, गैर शासकीय संगठन, इकाई अथवा सेवा प्रदाता जो वाणिज्यिक, व्यावसायिक, शैक्षिक, मनोजरंजन, औद्योगिक, स्वास्थ्य सेवाएं अथवा वित्तीय क्रियाकलाप कर रहा हो, जिसमें उत्पादनए आपूर्ति, विक्रय, वितरण, अस्पताल अथवा नर्सिंग होम, खेलकूद का संस्थान, स्टेडियम, खेल परिसर, प्रतियोगिता अथवा खेल का स्थान आदि निजी क्षेत्र जहां 10 या 10 से अधिक अधिकारी कर्मचारी कार्यरत है वहां अधिनियम के धारा 04 के अनुसार आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है। समिति में महिला जो कार्यस्थल के कर्मचारियों में से वरिष्ठ स्तर के हो अध्यक्ष होगी, कर्मचारियों में से महिलाओं के लिए प्रतिबद्ध अथवा सामाजिक कार्य में अनुभव रहने वाली 02 सदस्य व गैर शासकीय संगठन, संघ से 01 सदस्य होगें।

## निधन...

### सुरेश प्रसाद बोहिदार

**रायगढ़।** रामभाटा रायगढ़ निवासी सुरेश प्रसाद बोहिदार का 84 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे तीन बेटा प्रवीण बोहिदार, गजेन्द्र बोहिदार, शैलेन्द्र बोहिदार को रोता बिलखता छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार की दोपहर 12 बजे उनके निवास से दाह संस्कार के लिए राजीव नगर दुग्ध डेयरी के पास मुक्तिधाम में किया गया।



## 250 से अधिक परिवार दर-दर भटकने को मजबूर

# सात दशक से वन भूमि पर निवासरत सैकड़ों परिवार भूमि पट्टा पाने से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

जहां एक ओर केंद्र और राज्य सरकारें भूमिहीन लोगों को निःशुल्क 4 डिसमिल भूमि देने तथा बेघर लोगों को आवास उपलब्ध कराने के लिए अनेक योजनाएं बनाकर हजारों करोड़ रुपये खर्च कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर इन योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संभाल रहे सरकारी अधिकारियों की लापरवाही और सौतेले रवैये के कारण आज आदिवासी बहुल सुंदरगढ़ जिले के पानपोष उपखंड क्षेत्र अंतर्गत लाठीकटा ब्लॉक के तांगरपाली 5 स्थित झारमुंडा गांव के लगभग 250 से अधिक परिवार पिछले 75 वर्षों से जिस स्थान पर रह रहे हैं, उसके स्वामित्व अधिकार से वंचित हैं और दर दर भटकने को मजबूर हैं।

घटना से पता चलता है कि पानपोष उपखंड के लाठीकटा ब्लॉक अंतर्गत तांगरपाली के झारमुंडा गांव में लगभग 250 से अधिक आदिवासी परिवार निवास करते हैं। राउरकेला इस्पात संयंत्र की स्थापना के समय इन लोगों से उनकी पुश्तैनी भूमि छीन ली गई थी और उन्हें सुंदरगढ़ सीमा के अमगांव क्षेत्र मेंए जो यहां से लगभग 100-150 किलोमीटर दूर है, पुनर्वास के लिए जमीन दी गई थी। लेकिन अपनी मूल भूमि से इतनी दूर बसना इन प्रभावित परिवारों को उचित नहीं लगाए जिसके कारण उन्होंने झारमुंडा की वन भूमि को साफ कर वहीं बसावट कर ली। बाद में सरकारी नियमों के अनुसार जिस स्थान पर वे रह रहे थेए उसके स्वामित्व अधिकार पाने के लिए सभी परिवारों ने कुंआरामुंडा तहसील में लिखित आवेदन किया। आवेदन के आधार पर उस समय राजस्व विभाग के अधिकारियों ने गांव में आकर स्थल निरीक्षण किया, प्रत्येक परिवार की सूची तैयार कीए नक्शा बनाया और जहां.जहां लोग रह रहे थे, उन स्थानों की प्लॉटिंग कर अवैध कब्जे से संबंधित आवश्यक चिन्हांकन भी किया। लेकिन बाद में इन परिवारों को भूमि पट्टा देने के बजाय, तहसील प्रशासन ने कथित रूप से अत्यंत चालाकी और योजनाबद्ध तरीके से झारमुंडा गांव की जमीन को आईडीएल ;प्क्स्द्ध प्राधिकरण को दीर्घकालीन लीज पर दे दिया। इस पूरे मामले की जानकारी मिलने के बाद न्याय की मांग को लेकर गांववासी रघुनाथपाली विधायक दुर्गा चरण तंती के पास पहुंचे और अपनी पीड़ा बताई।



## आधुनिक तकनीक से खेती की ओर लौटती युवा पीढ़ी

**राउरकेला।** कभी पढ़-लिखकर खेतों में कौन उतरेगा जैसी सोच के कारण खेती युवाओं की प्राथमिकता से बाहर हो गई थी। लेकिन आधुनिक खेती, उन्नत तकनीकी कौशल और सरकारी प्रोत्साहन ने कृषि को फिर से एक लाभकारी और सम्मानजनक पेशा बना दिया है। आज उच्च शिक्षित युवा भी नौकरी छोड़कर खेती को व्यवसाय के रूप में अपनाकर सफल हो रहे हैं। अब लोग केवल जमीन का कर भरने तक सीमित नहीं हैंए बल्कि अपनी भूमि पर स्वयं खेती कर रहे हैं। घर से लगी छोटी बगिया में भी जैविक सब्जियों की खेती बढ़ रही है, जिससे स्वास्थ्य और आयकृदोनों में लाभ हो रहा है। हर साल लगभग 100 क्विंटल धान की बिक्री से अच्छी आय। मानना है कि किसानों के विकास से ही देश आगे बढ़ेगा। युवाओं में खेती के प्रति रुचि फिर से जागी है। खेती से मिलने वाला संतोष किसी मासिक वेतन से बड़ा है। आज युवा यह सच्चाई समझ रहे हैं। धान व मछली पालन में सफलताए ब्लॉक स्तर पर सम्मानित। संदेशकृखेती के साथ भी आधुनिक समाज में आगे बढ़ा जा सकता है। स्वीट कॉर्न, आम, सब्जी, पशुपालन और मछली पालन से स्थायी आय। उनकी खेती से आसपास के गांव प्रेरित हुए। निष्कर्ष . आधुनिक तकनीक, विविधीकरण और नवाचार ने खेती को भविष्य का मजबूत व्यवसाय बना दिया है। युवा पीढ़ी का खेती की ओर लौटना ग्रामीण अर्थव्यवस्था के पुनर्जीवन का स्पष्ट संकेत है।






## 5 मेधावी छात्राओं को मिला नोटपैड, पढ़ाई में होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

संघर्ष और सीमित संसाधनों के बीच निरंतर मेहनत करने वाली छात्राओं के लिए जब उनकी उपलब्धियों को पहचान मिलती है, तो वह पल उनके आत्मविश्वास को नई ऊंचाई देता है।

रायगढ़ जिले की मेधावी छात्राओं के साथ भी ऐसा ही हुआ, जब उन्हें उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए आदिवासी विकास विभाग की योजनांतर्गत नोटपैड प्रदान किए गए। शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय में अध्ययनरत ग्राम तरेकेला की कुसुम पटेल ने एमए अर्थशास्त्र में प्रथम स्थान, रायगढ़ की बनीता गुप्ता ने एमए इतिहास में द्वितीय, पुसौर की नीलम ने एमए भूगोल में द्वितीय, रायगढ़ की अंजलि गुप्ता ने एमए राजनीति विज्ञान में तृतीय तथा लक्ष्मीन पटेल ने एमए संस्कृत में सातवां स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इन छात्राओं को उनकी इस उपलब्धि के लिए हाल ही में आयोजित कार्यक्रम में विभागीय योजनांतर्गत नोटपैड प्रदान किए गए। नगर निगम ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छात्राओं को नोटपैड सौंपते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम मानती है और मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। नोटपैड मिलने से छात्राओं में उत्साह का माहौल है।

## एकलव्य विद्यालय के बाल वीर दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

**घरघोड़ा।** साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह के अद्वितीय साहस और सर्वोच्च बलिदान की गाथा को स्मरण करते हुए 26 दिसम्बर को आदर्श एकलव्य आवासीय विद्यालय छर्राटांगर घरघोड़ा मे वीर बाल दिवस मनाया गया।



उक्त अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय भावना से युक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राधेश्याम राठिया रहे। जिन्होंने सिखों के दसवें गुरु गोविन्द सिंह के बलिदानी पुत्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया द्यइस अवसर पर उन्होंने उपस्थित युवाओं छात्राओं पालकों गणमान्य नागरिकों कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा की यह दिवस बलिदान की भावना अटूट विश्वास और बच्चों की अतिविश्वनीय दृढ़ता का प्रतिक है। गुरु गोविन्द सिंह के वीर वलिदानी पुत्रों को एवं धर्म रक्षा हेतु उनके शहादत को प्रणाम करता हूँ। उन्होंने छात्राओं की प्रदर्शित विविध विधाओं में उत्साहपूर्वक सहभागिता की प्रशंसा की। आवासीय एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य मनीराम जांगड़े सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने मुख्य अतिथि सहित आँगन्तुकों का अभिनन्दन किया एवं प्राचार्य ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम की रुपरेखा की जानकारी दी।

### किडनी रोगी को मिला निःशुल्क उपचार

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना जरूरतमंद एवं गंभीर रोगों से पीड़ति मरीजों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। रायगढ़ जिले के कोतरा रोड, बावलीकुआ निवासी श्रीमती कमला देवी को किडनी रोग के उपचार हेतु इस योजना के अंतर्गत निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया गया। श्रीमती कमला देवी विगत दस वर्षों से मधुमेह से पीड़ित थीं, जो समय के साथ गंभीर रूप लेती चली गई और किडनी की जटिल बीमारी में परिवर्तित हो गई। प्रारंभिक उपचार रायगढ़ में कराया गया, किंतु स्वास्थ्य की स्थिति अधिक बिगड़ने पर उन्हें रायपुर में भर्ती कराया गया। लंबे समय तक चले इलाज और आर्थिक तंगी के कारण आगे का उपचार कराना मरीज एवं परिजनों के लिए अत्यंत कठिन हो गया था।

## 322 खिलाड़ियों ने दिखाया दम विभिन्न खेलों में लगाया दांव

**रायगढ़।** धरमजगढ़ के दशहरा मैदान में गुरुवार को सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें रायगढ़, सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं जशपुर जिले के कुल 322 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा क्षेत्रों में आयोजित सांसद खेल महोत्सव को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

- रायगढ़, सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं जशपुर के खिलाड़ी हुए शामिल

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण धनराज मरकाम ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव में व्यक्तिगत खेलः 100मी दौड़, लम्बीकूद, 800मी दौड़, बैडमिंटन फुगड़ी, गेड़ी दौड़ तथा दलीय खेल में वॉलीबॉल, कबड्डी, खो खो, रस्साकसी आदि खेल को शामिल किया गया था। व्यक्तिगत खेलों में खेल प्रतियोगिता का आयोजन 02 आयु वर्गों 15 से 20 वर्ष तथा 21 से 35 वर्ष तथा दलीय खेलों में 15 से 35 वर्ष तक के खिलाड़ियों के मध्य आयोजित किया गया।



## डॉ भंवर सिंह पोर्ते कॉलेज में बाल वीर दिवस का आयोजन

**घरघोड़ा।** 26 दिसंबर को बाल वीर दिवस के रूप में मनाया जाना है, जिसके अनुपालन में डॉ भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय घरघोड़ा द्वारा कार्यक्रम के आयोजन किया गया।

जिसमें सेजेस स्कूल घरघोड़ा से ऋषभ सिंह ठाकुर, प्रायमरी एवं माध्यमिक स्कूल चूहकिमार एवं उन्कारपाली से गूंजा, वरुण, आरजू, आर्य, पूजा, नवीन,आकाश आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे उनको मेडल एवं कलम प्रदान कर सम्मानित किया गया इस सम्मान से सभी छात्र बहुत प्रफुल्लित हुए और भविष्य में अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित हुए। बच्चे कल का भविष्य हैं, उनके उज्जवल भविष्य की कमाना संस्था के प्राचार्य डॉ जगदीश तिर्की, एस एल साहू कार्यक्रम अधिकारी रासेयो एवं पूरे महाविद्यालय परिवार द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम संचालन दीपक सिंह ठाकुर द्वारा किया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में गणेश यादव, ममता, ललिता, दीपिका, भगवान देव आदि छात्र छात्राओं का विशेष सहयोग रहा।



## ग्राम सभा का आयोजन कर ग्रामीणों को दे रहे जी राम जी की जानकारी

**रायगढ़।** केंद्र सरकार की नई और महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण वीबीजी राम अधिनियम 2025 को राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद रायगढ़ जिले में प्रभावी रूप से लागू कर दिया गया है। यह योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा का उन्नत एवं आधुनिक स्वरूप है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं आजीविका के अवसरों को सशक्त बनाना है।

- जिले के सातों विकासखंडों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

जिले में इस योजना का क्रियान्वयन कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस योजना के सुचारू एवं प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जिला स्तर पर विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसमें प्रत्येक विकासखंड को निर्धारित लक्ष्य और गतिविधियों का दायित्व सौंपा गया है। योजना के सफल क्रियान्वयन एवं जन जागरूकता के लिए पंचायत संचालनालय के निर्देशानुसार जिले के सभी सात विकासखंडों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कर ग्रामीणों को योजना की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। पेसा क्षेत्र के पांच विकासखंडों में 24 दिसंबर से विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन प्रारंभ हो चुका है, वहीं गैर पेसा क्षेत्र के रायगढ़ एवं पुसौर विकासखंडों में भी लगातार ग्राम सभाएं आयोजित की जा रही हैं। इन ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को योजना के उद्देश्योंए प्रावधानों एवं लाभों से अवगत कराया जा रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि यह योजना केवल रोजगार उपलब्ध कराने का माध्यम नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी रूप से मजबूत करने का आधार है। शासन की मंशा है कि हर हाथ को काम और हर घर को स्थायी आजीविका मिले।





## कैथोलिक चर्च में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस

**सरसींवा।** सरसीवा 25 दिसंबर को स्थानीय कैथोलिक चर्च में क्रिसमस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यहां 24 दिसंबर की रात्रि 12 बजे घंटानाद कर एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी गई।

स्थानीय चर्च के फादर फ्रांसीस कुजूर ने बतलाया कि यहां पिछले 15 दिनों से क्रिस्मस पर्व मनाने की तैयारी चल रही थी जो कि अब पूरा हुआ। कुछ दिनों पूर्व से ही कैरोल संगीत का भी आयोजन होता रहा। उल्लेखनीय है कि यहां सन 1967 से चर्च का निर्माण हुआ है तब से किस्मत पर्व के समय लोगों का आना जाना रहता है यहां इसाई धर्म मानने वाले ही नही सभी धर्म के लोग क्रिसमस के दिन चर्च में आकर प्रभु ईशू के दर्शन के साथ साथ चर्च के रंग बिरंगी लाइट के सजावट करतेहै जिसे नगर एवम आस पास क्षेत्र के लोग देखने आते हैं। और प्रभु यीशु के सामने मोमबत्ती जलाकर अपने अपने कामयाबी के लिए प्रार्थना करते हैं। इस कार्यक्रम को लेकर प्रति वर्ष विशेष प्रकार के साज सज्जा एवं लाइटिंग की सजावट की जाती है। जिन्हें देखने के लिये सैकड़ो की संख्या में लोग आते है। इस वर्ष देर रात्रि तक चर्च में लोगो की भीड़ देखने को मिला।

## कक्षा 9-10वीं के 1860 बच्चों को मिल रहा योजना का लाभ

# हॉस्टल की छात्राओं को स्कूल में मिलता है गर्म भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के छात्रावासों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए एक सराहनीय पहल शुरू की गई है। छात्रावास आश्रम में निवासरत कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों को विद्यालय की पाली के दौरान गरम एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए टिफिन व्यवस्था की शुरुआत की गई है। जिससे वर्तमान में 1 हजार 860 छात्र छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं। यह पहल उन विद्यार्थियों की आवश्यकता को ध्यान में रखकर शुरू की गई है, जिन्हें शासन की मध्यान्ह भोजन योजना का लाभ नहीं मिल पाता था।

- स्कूल से दूर स्थित 67 छात्रावासों में निवासरत बच्चों के लिए की गई है टिफिन व्यवस्था



विद्यालय के भोजन अवकाश के दौरान ऐसे छात्र स्वयं को अन्य बच्चों से अलग महसूस करते थे। टिफिन व्यवस्था लागू होने के बाद अब वे भी अपने सहपाठियों की तरह गरम भोजन कर पा रहे हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ा है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्रीकांत दुबे ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश के अनुरूप इस पहल को व्यवहारिक रूप दिया गया। छात्रावासों में उपलब्ध बचत राशि का सदुपयोग करते हुए विद्यार्थियों को प्रतिदिन टिफिन दिया जा रहा है, जिसमें वही भोजन शामिल होता है, जो छात्रावास में समय सारणी अनुसार तैयार किया जाता है। इसमें नाश्ता, चावल, दाल, हरी सब्जी, आचार एवं सलाद उपलब्धता अनुसार शामिल हैं। वर्तमान में जिले में कुल 147 प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रावास संचालित हैं। इनमें से विद्यालय से दूर स्थित 67 छात्रावासों में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्रों के लिए टिफिन व्यवस्था लागू की गई है। वहीं, जो छात्रावास विद्यालय के समीप या एक ही परिसर में संचालित हैं, वहां भोजन अवकाश के दौरान गरम भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रतिमाह शासन द्वारा प्रदाय की जाने वाली राशि, जो विद्यार्थियों की दैनिक आवश्यकताओं जैसे साबुन, टूथपेस्ट, जूते, मोजे एवं स्टेशनरी हेतु निर्धारित होती है, उसी की बचत से यह व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इससे बिना अतिरिक्त भार के बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

### सांसद खेल महोत्सव में छात्राओं ने मारी बाजी

**देवरी-सारागांव।** संसदीय क्षेत्र स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में नगर के छात्राओं ने पूरे ससंदीय क्षेत्र में प्रथम स्थान हासिल कर नगर का मान बढ़ाया है। जिले के इंटरनेशनल हॉकी खेल मैदान में आयोजित खेल प्रतियोगिता में पूरे सांसदीय क्षेत्र के कई स्कूलों के छात्रों ने भाग लेकर प्रदर्शन किया। वहीं रस्सा कस्सी खेल प्रतियोगित में नगर के गायत्री मंदिर विद्यालय व जानकी देवी महंत विद्यालय के छात्रों ने एकजुट होकर रस्सा कस्सी खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर एक नई मुकाम हासिल की है। उल्लेखनीय है कि सांसद खेल प्रतियोगिता में तमाम खेल शामिल है, जिसमे रस्सा कस्सी में नगर के छात्र भाग लेकर बखुबी प्रदर्शन कर टॉप में रही है। संकुल स्तरीय से प्रारंभ हुए इस सांसद खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर इन छात्रों को ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में हुनर दिखाने को मौका मिला था।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन

डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ

● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123